**1. खिलाफत आंदोलन का नेतृत्व किसके द्वारा किया गया था?**
(A) बाल गंगाधर तिलक और विपिन चन्द्र पाल
(B) महाराजा हरि सिंह और शौकत अली
(C) महात्मा गाँधी और खान अब्दुल गफ्फार खान
(D) मोहम्मद अली और शौकत अली
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**2. भारत के प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा सन् 1947 के 14-15 अगस्त की मध्यरात्रि को दिए गए प्रसिद्ध भाषण को किस नाम से जाना जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) ट्रिस्ट विद डेस्टिनी
(B) होप फॉर द बेटर फ्यूचर
(C) विंगस ऑफ चैलेन्जेस
(D) इन्डिपेन्डेंट इंडिया
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**3. राजस्थान के एकीकरण के चौथे चरण में किन चार रियासतों का बृहत्तर राजस्थान में विलय हुआ?**
(A) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली
(B) जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर
(C) कोटा, टोंक, बूंदी, झालावाड़
(D) प्रतापगढ़, डूंगरपुर, किशनगढ़, शाहपुरा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**4. वयस्क मानव दंत सूत्र है:**
(A) $\frac{2123}{2123}$ (B) $\frac{2213}{2213}$
(C) $\frac{2112}{2112}$ (D) $\frac{2122}{2122}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**5. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन I : : रक्त आधान (ट्रासंफ्यूज़न) एक पद्धति है। जिसमें एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के परिसंचरण तंत्र में रक्त उत्पादों अथवा रक्त को संचारित किया जाता है।**
**कथन II : पहला रक्त संचरण कार्ल लैण्डस्टेइनर द्वारा किया गया था।**
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) कथन (I) सत्य है किंतु कथन (II) असत्य है।
(B) कथन (I) असत्य है किंतु कथन (II) सत्य है।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों सत्य हैं।
(D) कथन (I) और कथन (II) दोनों असत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**6. निम्नलिखित में से किसका मिलान सही नहीं है?**
(A) प्लास्टर ऑफ पेरिस- $CaSO_4.\frac{1}{2}H_2O$
(B) बेकिंग सोडा $NaCO_3$
(C) वाशिंग सोडा -$Na_2CO_3$
(D) ब्लीचिंग पाउडर-CaO
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**7. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन - I : कार्य (KARYA) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार का एक प्रोग्राम है।**
**कथन - II : कार्य (KARYA) का लक्ष्य केवल स्नातक के छात्रों को बुनियादी विज्ञानों के लघु कालिक शोध अवसरों को प्रदान करना है। उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) कथन (I) सही है किन्तु कथन (II) गलत है।
(B) कथन (I) गलत है किन्तु कथन (II) सही है।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(D) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**8. राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य सीट (प्रिन्सिपल सीट) कहाँ स्थित है?**
(A) कोटा (B) जोधपुर
(C) बाड़मेर (D) अजमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**9. वर्ष 2023 में राजस्थान के राज्य चुनाव आयुक्त कौन थे?**
(A) मधुकर गुप्ता (B) अमर सिंह राठौर
(C) एन.आर. भसीन (D) इंद्रजीत खन्ना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**10. निम्नलिखत में से कौन से कथन भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के बारे में सही नहीं है?**
**a. कैग (CAG) को भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नियुक्त किया जाता है।**
**b. भारत के राष्ट्रपति के अनुमोदन पर कैग (CAG) को हटाया जा सकता है।**
**c. कैग (CAG) का वेतन और भत्ते भारत की समेकित निधि से दिये जाते हैं।**
**d. कैग (CAG) का कार्यकाल 5 साल के लिए निश्चित रहता है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) केवल b, c और d
(B) केवल a, b और d
(C) केवल a, c और d
(D) केवल a, b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**11. निम्नलिखित शब्दों में शुद्ध लिखित शब्द है-**
**a. वृश्चिक** **b. प्रणायाम**
**c. ब्रम्ह** **d. संगित**
**e. निष्क्रमण**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) केवल a और e
(B) केवल a और d
(C) केवल a और b
(D) केवल b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**12. पत्र लेखन कला की प्रमुख विशेषताएं हैं-**

**a. स्पष्टता** **b. सरलता**
**c. क्लिष्टता** **d. दुरुह**
**e. संक्षिप्तता**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**

(A) केवल e, d और b (B) केवल c, d और a
(C) केवल c, d और e (D) केवल a, b और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**13. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार हिंदी देश की राजभाषा है?**

(A) अनुच्छेद 234 (B) अनुच्छेद 283
(C) अनुच्छेद 343 (D) अनुच्छेद 243
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**14. भारत में निम्नलिखित में से कौन सा रामसेतु का प्रारंभिक बिंदु है?**

(A) अरिचल मुनई (B) शिवगंगा
(C) तंजावुर (D) मदुरई
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**15. किस मंत्रालय ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 - 'मेरा शहर मेरी पहचान' का सर्वेक्षण प्रारम्भ किया? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) जल शक्ति मंत्रालय
(B) पर्यटन मंत्रालय
(C) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
(D) एम. एस. एम. ई. मंत्रालय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**16. ओलंपिक 2024 में भारत पदक तालिका में_____स्थान पर रहा?**

(A) 37 वें (B) 91 वें
(C) 17 वें (D) 71 वें
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**17. किस राज्य ने आउटलुक प्लेनेट सस्टेनेबिलिटी समिट एंड आवार्ड्स 2024 की मेजबानी की?**

(A) गोवा (B) तमिलनाडु
(C) राजस्थान (D) महाराष्ट्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**18. विषम चयन करें।**

(A) ग्रीस (B) फ्रांस
(C) कोरिया (D) पोलैंड
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**19. यदि किसी कोड में O को L, A को H, M को I, S को F, N को T, E को S, I को A, P को G एवं C को लिखा जाता है, तो इस कोड में COMPANIES को कैसे लिखा जाएगा?**

(A) ELIGHATFS (B) ELIGHTASF
(C) ELIGHSBSF (D) ELGHITASF
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**20. आपको दिए गए दो कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हो, आपको यह तय करना है कि कौन सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है?**

**कथन I :**
**कोई भी सेब, केला नहीं है।**
**कुछ केले, अंगूर नहीं हैं।**
**निष्कर्ष II :**
**I. कोई भी सेब, अंगूर है।**
**II. सभी सेब, अंगूर होने की संभावना है।**
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**

(A) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।
(B) न तो I और न ही II अनुसरण करता है।
(C) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(D) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**21. अनूप ने मुन्ना से कहा, "कल मैंने अपनी दादी की पुत्री के इकलौते भाई को हरा दिया"। अनूप ने किसे हराया?**

(A) पुत्र को
(B) चचेरे भाई को
(C) भाई को
(D) पिता जी को
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**22. पाँच दोस्त हैं- सचिन, कमल, मोहन, अरुण और राम। सचिन का कद कमल से छोटा है, पर राम से बड़ा है। मोहन का कद सबसे लंबा है। अरुण का कद कमल से थोड़ा कम है और सचिन से थोड़ा बड़ा है।**
**कद में दूसरा सबसे बड़ा कौन है?**

(A) कमल
(B) अरुण
(C) राम
(D) सचिन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**23. अंग्रेजी शब्दकोश में निम्नलिखित में से कौन सा शब्द दूसरे नम्बर पर आएगा?**

(A) Maternal (B) Magnify
(C) Magnetic (D) Magical
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**24. भारत के निम्नलिखित राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेश को 2011 की जनगणना के आधार पर जनसंख्या धनत्व के अनुसार अवरोही (घटते) क्रम में व्यवस्थित कीजिए।**

**a. केरल** **b. पश्चिम बंगाल**
**c. दिल्ली** **d. बिहार**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुने:**

(A) c, a, d, b (B) a, d, b, c
(C) a, d, c, b (D) c, d, b, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**25. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I) : जलोढ़ मिट्टी में पर्याप्त मात्रा में पोटाश, फॉस्फोरिक एसिड और चूना पाया जाता है, जो गन्ना, धान, गेहूँ और अन्य अनाज और दलहन फसलों के उत्पादन के लिए आदर्श हैं।**
**कथन (II): इस मिट्टी में पर्याप्त मात्रा में नाइट्रोजन पायी जाती है।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(B) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(D) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**26. पिचौला (पिछौला) झील, राजस्थपान के निम्नलिखित में से किस स्थान में पायी जाती है?**
(A) भीलवाड़ा (B) करौली
(C) उदयपुर (D) अजमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**27. कंप्यूटर की कौन सी पीढ़ी से इंटीग्रेटेड सर्किट (आई. सी.) का उपयोग शुरू हुआ है?**
(A) तीसरी पीढ़ी (B) चौथी पीढ़ी
(C) पहली पीढ़ी (D) दूसरी पीढ़ी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**28. स्टोरेज स्पेस के आकार के अनुसार निम्न में से कौन-सा विकल्प अवरोही (घटते) क्रम में व्यवस्थित है?**
(A) Bit, MB, Nibble, KB
(B) Bit, GB, KB, MB
(C) MB, KB, Byte, Nibble
(D) Nibble, KB, MB, GB
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**29. परम_____की एक श्रृंखला है, जिसे सिडैक, पुणे द्वारा भारत में असेम्बल किया गया।**
(A) माइक्रो कंप्यूटर (B) मेनफ्रेम कंप्यूटर
(C) मिनी कंप्यूटर (D) सुपर कंप्यूटर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**30. रामगंज मंडी, जिसे धनिया शहर के नाम से जाना जाता है, निम्नलिखित में से राजस्थान के किस शहर के नजदीक स्थित है?**
(A) श्रीगंगानगर (B) कोटा
(C) जोधपुर (D) उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**31. राजस्थान के निम्न में से कौनसा जिला वर्ष 2022-23 में राज्य में गेहूँ के सर्वाधिक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?**
(A) बूंदी (B) कोटा
(C) श्री गंगानगर (D) जैसलमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**32. राजस्थान राज्य में निम्नलिखित में से कौन सा एक कृषि आधारित उद्योग नहीं है?**
(A) लौह और इस्पात उद्योग
(B) कपास उद्योग
(C) दाल मिलें
(D) चावल मिलें
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**33. महाराष्ट्र प्रोविंसियल सम्मेलन मई-1928 में किसने घोषणा की "महिलाओं की स्थिति का उत्थान होना चाहिए और महिलाओं को जनता के मुद्दों में वृहद और अधिक समझ से रुचि लेने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए"?**
(A) सुभाष चन्द्र बोस
(B) भगत सिंह
(C) महात्मा गाँधी
(D) जे. एल. नेहरू
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**34. किसके द्वारा 1859 में, 'रिलीफ ऑफ लखनऊ' चित्र (painting) बनायी गयी थी?**
(A) ओबम
(B) हेवलॉक
(C) थॉमस जोन्स बार्कर
(D) केम्पबेल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**35. डॉ. एस. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग की स्थापना कौन से वर्ष में हुई?**
(A) 1951
(B) 1953
(C) 1947
(D) 1948
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**36. सेवन, धमन और कराद_____हैं।**
(A) घास के प्रकार
(B) राजस्थानी चित्रकला (पेंटिंग्स) रूप के प्रकार
(C) लोक नृत्य के प्रकार
(D) मरुस्थल मृदा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**37. निम्नलिखित में कौन सा शब्द विदेशी है?**
(A) मसान
(B) चिमटा
(C) खिड़की
(D) तूफान
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**38. निम्नलिखित में से बिजली का सबसे उपुयक्त पर्यायवाची चुनीये:**
(A) कांता (B) तीर
(C) चंचला (D) तनय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

39. **नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (1): भारत की स्वतंत्रता के बाद रियासतों के कई शासक संविधान सभा में जुड़ने के विरुद्ध थे।**
**कथन (II) : शाही रजवाड़ों की इस अनुक्रिया का अर्थ था कि स्वतंत्रता के बाद एक बड़ी संभावना थी कि भारत कई छोटे देशों में बँट जाता।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) कथन (I) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(B) कथन (I) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(C) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(D) कथन (I) और कथन (II) दोनों ही गलत हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

40. **"बालाथल सभ्यता" का पुरातत्व स्थल कहाँ स्थित है?**
(A) हनुमानगढ़ (B) अजमेर
(C) वल्लभनगर, उदयपुर (D) माऊन्ट आबू, सिरोही
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

41. **किस वर्ष में पृथ्वी राज III ने महोबा के शासक चन्देल को हराया था?**
(A) 1191 ई. (B) 1192 ई.
(C) 1181 ई. (D) 1182 ई.
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

42. **उदयपुर का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल "सहेलियों की बाड़ी" किसके द्वारा बनवाया गया था।**
(A) महाराजा सूरजमल (B) महाराजा उदय सिंह
(C) महाराणा शंभू सिंह-I (D) महाराणा संग्राम सिंह-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

43. **In the sentence given, replace the underlined words, choosing the *most suitable* idiom from the options below:**
**He was arrested <u>without being given a reason.</u>**
(A) at odds and ends
(B) out and out.
(C) over and above
(D) for no rhyme or reason
(E) Question not attempted **[d]**

44. **For the given sentence, choose the most appropriate answer from the options below:**
**The language and style of a formal letter is-**
(A) very friendly
(B) polite and brief
(C) lengthy
(D) chatty
(E) Question not attempted **[b]**

45. **For the word given in Hindi, choose the *most appropriate* word in English from the options below:**
**असमर्थनीय**
(A) unacceptable (B) untenable
(C) tenable (D) acceptable
(E) Question not attempted **[b]**

46. **सूची-I के साथ सूची-II का मिलान कीजिए**

| सूची-1 (छतरी) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| a. सवाई जय सिंह की छतरी | I. अलवर |
| b. मूसी रानी की छतरी | II. रामगढ़ |
| c. गोपाल सिंह की छतरी | III. गैटोर |
| d. सेठों की छतरी | IV. करौली |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-IV, b-III, c-I, d-II
(B) a-III, b-I, c-IV, d-II
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV
(D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

47. **'वागड़ की मीरा' के नाम से कौन प्रसिद्ध है?**
(A) गवरी बाई (B) पन्ना धाय
(C) राणा बाई (D) कर्मावती
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

48. **देश की स्वतंत्रता के पश्चात् राजपुताना के तीन राज्यों का भारतीय संघ में विलय ______ के तहत किया गया।**
(A) इन्सट्रूमेन्ट ऑफ इन्सटीग्रेशन
(B) एक्सेशन इन्सटुमेन्ट लीग
(C) इन्सट्रूमेन्ट ऑफ ऑब्लिगेशन
(D) इन्सट्रूमेन्ट ऑफ एक्सेशन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

49. **टेलीफोन उपकरण का वह कौन सा भाग है जो आवाज को स्वीकार करता है और उस सूचना को विद्युत चुम्बकीय तरंगों के रूप में भेजता है?**
(A) डायलर (B) माऊथ पीस
(C) रिसीवर (D) केबल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

50. **निम्नलिखित में से कौन सा सोशल मीडिया का माध्यम (मोड) नहीं है?**
(A) ब्रॉडबैंड (B) ब्लॉगिंग
(C) फेसबुक (D) टिवटर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

51. **निम्न में से भारत में जन्मी, कौन सी अंतरिक्ष यात्री थी जिनकी वापसी के दौरान कोलंबिया के अंतरिक्ष यान में मृत्यु हो गई थी?**
(A) रितु करिधल (B) सिरिशा बांदला
(C) कल्पना चावला (D) सुनीता विलियम्स
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

52. **नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन (I) : चना राजस्थान में "रबी" फसल के रूप में उगाया जाता है।**
**कथन (II) : तिलहन राजस्थान में "रबी" और "खरीफ" दोनों मौसम में उगाए जाते हैं।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(A) कथन (1) सही है लेकिन कथन (II) गलत है।
(B) कथन (1) गलत है लेकिन कथन (II) सही है।
(C) कथन (1) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(D) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [c]

53. **निम्नलिखित में से कौन सा कर राजस्थान राज्य सरकार द्वारा लगाया व संग्रहित नहीं किया जाता है?**
(A) सड़क/वाहन कर
(B) आय कर
(C) कृषि आय पर कर
(D) भूमि और संरचना पर कर
(E) अनुत्तरित प्रश्न [b]

54. **निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय संविधान की एक मुख्य विशेषता नहीं है?**
(A) विभिन्न स्रोतों से लिए गये प्रावधान
(B) दोहरी नागरिकता का प्रावधान
(C) सबसे लंबा लिखित संविधान
(D) सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न [b]

55. **किसने प्रधान मंत्री को "प्रायमस इंटर पेरस" (समकक्षों में सबसे आगे रहने वाला) और "केबिनेट के प्रमुख स्तंभ" के रूप में वर्णित किया?**
(A) एच.जे. लास्की (B) मुनरो
(C) रॉनसूरे मुइर (D) लॉर्ड मोरले
(E) अनुत्तरित प्रश्न [d]

56. **नीचे दो कथन दिए गए हैं :**
**कथन - 1 : अकर्मक क्रियाओं का सीधा सम्बन्ध कर्ता से नहीं होता। इनका फल स्वयं कर्ता पर पड़ने से दूर रहता है।**
**कथन - II : सकर्मक क्रियाओं का फल कर्म पर पड़ता है। कर्म के बिना उनका अर्थ पूरा नहीं हो सकता।**
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(B) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।
(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न [b]

57. **'आनंदमग्न' का समास विग्रह होगा-**
(A) आनंद में डूबा हुआ (B) आनंद ही आनंद
(C) आनंदित होना (D) आनंद आना
(E) अनुत्तरित प्रश्न [a]

58. **निम्नलिखित में से किन शब्दों में 'प्रति' उपसर्ग का प्रयोग है?**
**a. प्रत्येक** **b. प्रयोग**
**c. प्रसार** **d. प्रतिकार**
**e. प्रत्यक्ष**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) केवल a, b और c (B) केवल b, c और d
(C) केवल c, d और e (D) केवल a, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न [d]

59. **ब्रह्मपुत्र नदी के बायें तट की सहायक नदी का नाम बताइए-**
(A) बुरही दिहिंग (B) संकोष
(C) सुबनसिरी (D) कामेंग
(E) अनुत्तरित प्रश्न [c]

60. **पश्चिमी घाटों को किस राज्य में 'सह्याद्री' के नाम से जाना जाता है?**
(A) तमिलनाडु (B) केरल
(C) कर्नाटक (D) महाराष्ट्र
(E) अनुत्तरित प्रश्न [d]

61. **कंप्यूटर की कौन सी पीढ़ी में सर्किटरी और मैग्नेटिक ड्रम मेमोरी के लिए वैक्यूम ट्यूब का उपयोग किया जाता है?**
(A) तीसरी पीढ़ी (B) चौथी पीढ़ी
(C) पहली पीढ़ी (D) दूसरी पीढ़ी
(E) अनुत्तरित प्रश्न [c]

62. **तारों का एक समूह जो एक साथ बिट्स के एक समूह को ले जाता है, यानी समानांतर में, और एक संबंधित नियंत्रण योजना के रूप में जाना जाता है:**
(A) बस (B) रजिस्टर
(C) तारों (D) डेटा केबल
(E) अनुत्तरित प्रश्न [a]

63. **प्रथम भारतीय उपग्रह का नाम है:**
(A) आर्यभट्ट (B) कल्पना
(C) भास्कर-I (D) इनसेट-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न [a]

64. **चन्द्र मीणा पर विजय का उत्सव मनाने के लिए कछवाहों द्वारा कौन-सा मेला शुरू किया गया?**
(A) खलकणी माता डंकी मेला
(B) डिग्गी कल्याण जी मेला
(C) भार्तृहरि मेला
(D) पुष्कर मेला
(E) अनुत्तरित प्रश्न [a]

65. **निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध कलाकार ने भारत उत्सव में 'बहरूपिया कला' में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया?**
(A) अमर सिंह राठौड़
(B) जय सिंह राठौड़
(C) जमना लाल भट्ट
(D) जानकी लाल भांड
(E) अनुत्तरित प्रश्न [d]

**66. नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने सिंगापुर में स्वतंत्र भारत की अस्थायी (प्रोविजनल) सरकार की स्थापना की घोषणा किस तारीख को की थी?**

(A) 23 अक्टूबर 1943 (B) 24 अक्टूबर 1943
(C) 21 अक्टूबर 1943 (D) 22 अक्टूबर 1943
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**67. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कथन चुनें:**
**a. ब्रिटिश संसद ने 05 जुलाई, 1947 को भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया।**
**b. यह अधिनियम माउंट बेटन की योजना पर आधारित था।**
**c. अधिनियम ने 10 अगस्त, 1947 को रॉयल स्वीकृति प्राप्त की।**
**d. अधिनियम (एक्ट) 15 अगस्त, 1947 को लागू कर दिया था।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) केवल a, c और d (B) केवल b, c और d
(C) केवल a, b और c (D) केवल a, b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**68. किस देश के सशस्त्र बलों को दिसंबर 2023 में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उन्हें 'गोल्डन आउल' सम्मान से सुसज्जित किया है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) श्रीलंका (B) सिंगापुर
(C) भारत (D) चीन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**69. उत्तराखंड उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) हिमा कोहली (B) इंदिरा बनर्जी
(C) रूमा पाल (D) रितु बाहरी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**70. निम्नलिखित में से कौन-सा "जीवाश्म पार्क" है?**

(A) सरिस्का
(B) रणथम्भौर
(C) अकाल वूड
(D) केवलादेव घाना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**71. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राजस्थान की सहरिया जनजाति के बारे में सही नहीं है?**

(A) इस जनजाति के मुखिया को तपाड़ा कहा जाता है।
(B) वे कई देवी व देवताओं की पूजा करते हैं परन्तु उनके इष्ट देव "बेहरू भारानी" हैं।
(C) सहरिया का निवास दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में है और वह भी बारां जिले के शहाबाद और किशनगंज तहसील तक ही सीमित है।
(D) इनमें चौहान, डोडिया आदि जैसे "गोत्र" होते हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**72. For the sentence given, choose the most appropriate answer in the passive voice from the options below:**
**My sister baked a cake.**

(A) A cake was baked by my sister.
(B) A cake was being baked by my sister.
(C) A cake had been baked by my sister.
(D) A cake is being baked by my sister.
(E) Question not attempted **[a]**

**73. Complete the given sentence choosing the most appropriate word from the options below: My brother is in the Indian Foreign Services and can speak many languages. He is a ________.**

(A) Philatelist (B) Linguist
(C) Pessimist (D) Polyglot
(E) Question not attempted **[d]**

**74. Complete the given sentence choosing the most appropriate word from the options below: She remarked that she __________ annoyed with him for his lack of sympathy for the victim.**

(A) feeling (B) feel
(C) will feel (D) felt
(E) Question not attempted **[d]**

**75. निम्नलिखित में से कौन सी राजस्थान की दो नकदी फसलें हैं?**

(A) बाजरा और धनिया
(B) जौ और तिलहन
(C) कपास और तंबाकू
(D) गेहूँ और चावल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**76. इंदिरा गांधी नहर निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले में समाप्त होती है?**

(A) भरतपुर (B) उदयपुर
(C) जोधपुर (D) जैसलमेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**77. किस शहर को 'राजस्थान का खाद्य टोकरा' के रूप में जाना जाता है?**

(A) बीकानेर (B) अजमेर
(C) अलवर (D) श्री गंगानगर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**78. राजस्थान में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) ___________ वर्ष से लागू की गई थी।**

(A) 2019-20 (B) 2020-21
(C) 2015-16 (D) 2017-18
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**79. राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान निम्न में से किस शहर में स्थित है?**
(A) जयपुर (B) माउंट आबू
(C) जोधपुर (D) उदयपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**80. 'Deputation' शब्द का हिंदी समानार्थक शब्द होगा-**
(A) शिष्ट मण्डल नियुक्ति (B) शिष्ट मण्डल
(C) प्रतिनियुक्ति (D) नियुक्त
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**81. निम्नलिखित में से 'लिंग सम्बन्धी' अशुद्ध वाक्य है-**
(A) श्याम संन्यासी है। (B) रंजना अध्यापिका है।
(C) वह स्त्री अपराधिनी है। (D) हवन सामग्री जल गया।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**82. 'अंधा होना' मुहावरे का क्या अर्थ है?**
(A) बिना विचारे व्यय (B) एक ही सहारा
(C) धोखा देना (D) विवेक भ्रष्ट होना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**83. छात्राओं का एक समूह एक लाइन में खड़ा है। दोनों किनारों से एक छात्रा 19 वें क्रम में खड़ी है। कक्षा में कुल कितनी छात्राएँ हैं?**
(A) 35 (B) 37
(C) 40 (D) 38
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**84. विषम का चयन करें।**
(A) संकलित (B) संचित करना
(C) एकत्र करना (D) तितर-बितर होना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**85. एक आयत की परिमाप 90 m है। यदि इसकी लम्बाई चौड़ाई से दुगुनी हो, तो इसका क्षेत्रफल है:**
(A) 460 $m^2$ (B) 420 $m^2$
(C) 450 $m^2$ (D) 380 $m^2$
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**86. A और B की औसत मासिक आय ₹6,000 है, B एवं C की औसत मासिक आय ₹5,500 और A और C की औसत मासिक आर ₹5,250 है, तब A की मासिक आय क्या होगी?**
(A) ₹5,750 (B) ₹6,200
(C) ₹6,250 (D) ₹6,450
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**87. A अपने मित्र B से 31 दिसम्बर 2011 को ₹ 2000 उधार लेता है जिसकी शर्त है कि वह एक वर्ष बाद 8% वार्षिक साधारण ब्याज से उसे वापस भुगतान कर देगा। लेकिन A उस राशि को 1 जुलाई 2012 को वापस कर देता है। अब उसे B को कितना ब्याज देना पड़ेगा?**
(A) ₹100 (B) ₹120
(C) ₹80 (D) ₹90
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**88. राकेश अपनी आय का 80% खर्च करता है। यदि उसकी आय 14% से बढ़ जाती है और बचत 15% से घट जाती है, तो उसके खर्च में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी?**
(A) 22.25% (B) 25%
(C) 20% (D) 21.25%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**89. निम्नलिखित में से कौन-सा वेब ब्राउज़र नहीं है?**
(A) ओपेरा (B) जीमेल
(C) मोज़िला फ़ायरफ़ॉक्स (D) सफारी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**90. निम्नलिखित में से कौन-सा औषधीय पौधा नहीं है?**
(A) कोरचोरस कैप्सुलारिस
(B) ओसिमम संक्टुम
(C) इम्बलिका ऑफिसिनालिस
(D) कुरकुमा लाँग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**91. भारत में नीली क्रांति किस कालावधि में प्रारम्भ की गई थी?**
(A) सन् 1985-1990 (B) सन् 1990-1995
(C) सन् 1975-1980 (D) सन् 1980-1985
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**92. राजस्थान पूरे देश में निम्नलिखित में से किसका सर्वाधिक उत्पादक राज्य है?**
(A) ऊन (B) चाय
(C) गेहूँ (D) चावल
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**93. राजस्थान में निम्नलिखित में से कौन सा बांध है जिसका सिंचाई और जल विद्युत दोनों के लिए उपयोग किया जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) मेजा बांध (B) जवाई बांध
(C) राम सागर बांध (D) राणा प्रताप सागर बांध
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**94. वर्गीज कुरियन को भारत में किस क्रांति के जनक के रूप में जाना जाता है?**
(A) हरित क्रांति (B) लाहित (रक्त) क्रांति
(C) श्वेत क्रांति (D) नीली क्रांति
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**95. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में बृहत् श्रेणी का उद्योग नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) लौह और इस्पात उद्योग (B) सूती कपड़ा उद्योग
(C) पटसन उद्योग (D) खादी और ग्रामोद्योग
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**96. बजट 2024-25 की घोषणा के अनुसार राजकोषीय घाटा वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद का ________ रहने का अनुमान है।**
(A) 5.8% (B) 4.9%
(C) 5.1% (D) 5.5%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

97. भारत सरकार ने किस वर्ष में भारत की नवीन आर्थिक नीति का शुभारंभ किया? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) 1990
(B) 1993
(C) 1992
(D) 1991
(E) अनुत्तरित प्रश्न [d]

98. भारत में निम्नलिखित में से खाद्यान्न के वितरण की मुख्य जिम्मेदारी किसकी है?
(A) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
(B) कर्मचारियों का राज्य बीमा
(C) भारतीय मानक संस्थान
(D) भारतीय खाद्य निगम
(E) अनुत्तरित प्रश्न [d]

99. Choose the most appropriate antonym of the word "Ancient" from below :
(A) Destroy
(B) Modern
(C) Insult
(D) Rough
(E) Question not attempted [b]

100. For the sentence given, choose the most appropriate answer in reported speech from the options below: Ravi said, "My mother is going to her home town."
(A) Ravi said that his mother was going to her home town.
(B) Ravi said that his mother had gone to her home town.
(C) Ravi said that his mother will go to her home town.
(D) Ravi said that his mother has gone to her home town.
(E) Question not attempted [a]

101. राजस्थान के प्रथम लोकायुक्त कौन थे?
(A) जस्टिस आई.डी. दुआ
(B) जस्टिस जे.एल. गुप्ता
(C) जस्टिस प्रताप कृष्ण लोहरा
(D) जस्टिस एस.एस. कोठारी
(E) अनुत्तरित प्रश्न [a]

102. राजस्थान मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है?
(A) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो
(B) 3 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो
(C) 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो
(D) 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो
(E) अनुत्तरित प्रश्न [d]

103. निम्नलिखित में से राजस्थान राज्य की प्रथम महिला राज्यपाल (गवर्नर) कौन थीं?
(A) प्रभा राव
(B) मार्गरेट अल्वा
(C) कमला बेनीवाल
(D) प्रतिभा पाटिल
(E) अनुत्तरित प्रश्न [d]

104. राजस्थान का राज्य पक्षी कौन सा है?
(A) गोदावान (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड)
(B) नीलकंठ
(C) भारतीय रोलर
(D) मोर
(E) अनुत्तरित प्रश्न [a]

105. अरावली श्रृंखला के निम्नलिखित शिखरों में सबसे ऊँची चोटी कौन सी है?
(A) जागरा
(B) कमलनाथ
(C) गुरुशिखर
(D) रघुनाथगढ़
(E) अनुत्तरित प्रश्न [c]

106. 'कालीसिन्ध तापीय ऊर्जा परियोजना' निम्नलिखित में से राजस्थान के किस क्षेत्र में स्थित है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)
(A) बाड़मेर
(B) कोटा
(C) झालावाड़
(D) बीकानेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न [c]

107. '?' के स्थान पर कौन सा अंक आएगा?
60, 45, 32, 21, ?
(A) 14
(B) 11
(C) 16
(D) 12
(E) अनुत्तरित प्रश्न [d]

108. '?' के स्थान पर क्या आएगा?
(A)
(B)
(C)
(D)
(E) अनुत्तरित प्रश्न [a]

109. कुछ प्रतीकों को अक्षरों द्वारा दर्शाया गया है जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

| + | − | × | ÷ | = | > | < |
|---|---|---|---|---|---|---|
| B | G | E | C | D | A | F |

निम्न में से कौन सा सर्वाधिक उपयुक्त व्यंजक है?
(A) 15C 5F 8C 4B 6C 3
(B) 15A 5E 8C 4B 6E 3
(C) 15C 15B 8 F 4B 6C 2
(D) 15B 5G 8B 4G 6F 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न [a]

**110. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का कौन सा प्रावधान मंत्रिपरिषद् की नियुक्ति और पदच्युत से संबंध रखता है?**

(A) अनुच्छेद 74 (B) अनुच्छेद 75
(C) अनुच्छेद 70 (D) अनुच्छेद 72
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**111. भारत के योजना आयोग का गठन ______ को हुआ था।**

(A) 1 जनवरी 2015 (B) 2 अक्टूबर 1950
(C) 26 जनवरी 1950 (D) 15 मार्च 1950
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**112. 'राणे जगपत रा मरास्या' किस शासक की मृत्यु का शोक मनाने के लिए लिखी गयी थी?**

(A) महाराजा जीवन सिंह (B) महाराजा जयदीप सिंह
(C) महाराजा जनक सिंह (D) महाराजा जगत सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**113. कूचामणी ख्याल के बारे में निम्न में से कौन-से कथन सही हैं?**

**a. कूचामणी ख्याल प्रसिद्ध लोक नाट्यकार लच्छी राम द्वारा शुरू किया गया था।**

**b. चाँद नीलगिरी, राव रिदमल और मीरा मंगल, लच्छी राम द्वारा रचित प्रमुख ख्याल हैं।**

**c. कूचामुणी ख्याल एक मुक्त नाट्यशाला (थिएटर) में निष्पादित नहीं किया जाता है।**

**d. इस ख्याल में ढोल, सारंगी, शहनाई और ढोलक वादक मुख्य सहयोगी होते हैं।**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) केवल a, b और c (B) केवल a, b और
(C) केवल b, c और d (D) केवल a, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**114. 'अश्वगंधा' पौधे के किस हिस्से का उपयोग दवाईयां बनाने हेतु उपयोग किया जाता है?**

(A) पत्तियों का
(B) जड़ों का
(C) फूलों का
(D) टहनी का
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**115. प्राकृतिक रबर किसका एक पॉलिमर है?**

(A) इथेन
(B) बुटाडाइन
(C) इथिलीन
(D) आइसोप्रिन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**116. बाइफोकल लेंस का उपयोग निम्नलिखित में से किसकी कमी को दूर करने के लिए किया जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) मोतियाबिंद
(B) हाइपरमेट्रोपिया
(C) निकट दृष्टि दोष
(D) जरा-दूरदृष्टिता दोष (बुढ़ापे में)
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**117. Complete the sentence by choosing the most suitable article from the options given below: Please get me ________ umbrella when I go out shopping as the monsoons are approaching.**

(A) No Article
(B) an
(C) the
(D) a
(E) Question not attempted **[b]**

**118. Complete the sentence by choosing the most appropriate preposition from the options given below:**

**I reached the school ________ the gates closed.**

(A) by
(B) from
(C) later
(D) before
(E) Question not attempted **[d]**

**119. Match List-I with List-II:**

| **List-I (Words)** | **List-II (Synonyms)** |
|---|---|
| **a. generous** | **I. esteem** |
| **b. honour** | **II. ridiculous** |
| **c. absurd** | **III. achieve** |
| **d. accomplish** | **IV. charitable** |

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**

(A) a-IV, b-I, c-II, d-III
(B) a-II, b-III, c-IV, d-I
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV
(D) a-III, b-IV, c-I, d–II
(E) Question not attempted **[c]**

**120. निम्न में से 'अगम' का सबसे उपयुक्त विलोम शब्द चुनीये:**

(A) लभ्य
(B) सुगम
(C) अल्प
(D) विग्रह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**121. जिस वाक्य में 'वह', 'यह', 'तब', 'तो', 'या' इत्यादि लुप्त हो, वहाँ किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है?**

(A) योजक चिह्न
(B) उद्धरण चिह्न
(C) अल्पविराम
(D) पूर्णविराम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**122. नीचे दो कथन दिए गए हैं:**
**कथन - I: 'र' अन्तःस्थ व्यंजन वर्ण है।**
**कथन - II : 'ई' का उच्चारण स्थान तालु है।**
**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(A) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(B) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।
(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**123. यदि CAT = 48 हो, तो MOUSE के बराबर क्या है?**
(A) 148 (B) 138
(C) 142 (D) 146
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**124. रंजन उत्तर की ओर 15 किमी गया, उसके बाद दाहिने तरफ मुड़कर 10 किमी चला, उसके बाद बायीं ओर मुड़कर 20 किमी चला, तत्पश्चात्, बायीं तरफ मुड़कर 10 किमी तक चला। रंजन अपने प्रारंभिक बिंदु से कितनी दूर तक पहुंचा?**
(A) 35 किमी (B) 45 किमी
(C) 30 किमी (D) 25 किमी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**125. निम्नलिखित में से कृषि का कौन-सा संस्थागत कारक, कृषि की उत्पादकता और प्रारूप को प्रभावित करता है?**
(A) रसायनिक उर्वरक
(B) फसल बीमा
(C) अधीनस्थ कृषि क्षेत्र का आकार
(D) स्थलाकृति
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**126. 'नरमा' राजस्थान की किस फसल से सम्बन्धित है?**
(A) चाय (B) कॉफी
(C) जूट (D) कपास
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**127. दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?**
(A) ये पश्चिम में नेपाल हिमालय और पूर्व में भूटान हिमालय से घिरे हैं।
(B) इस क्षेत्र के उच्च स्थानों पर मोनपा का निवास है।
(C) यह उच्च पर्वत शिखरों का क्षेत्र है।
(D) इस क्षेत्र में वर्ष पर्यन्त वर्षा अच्छी प्रकार से वितरित है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**128. निम्न में से किस राज्य में दुदुमा जलप्रपात स्थित है?**
(A) झारखंड
(B) ओडिशा
(C) पश्चिम बंगाल
(D) आंध्र प्रदेश
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**Read the passage and answer questions 129 to 132:**

**"Stress"**

All people have some stress in their lives. A little stress makes life interesting, and keeps you on your toes. However, too much stress can be unhealthy. You may find your life becoming stressful whenever there are changes in your environment, in your relationships, or in the demands you put on yourself.

Stress can also be caused by good things in your life, such as getting a new job, moving to a new place, or getting married.

How can you tell when your life is getting too "stressful"? You will probably find yourself always feeling rushed, as though you must hurry everywhere you go. There is never enough time to do everyting that you need to do. You may find yourself walking, talking, and eating more quickly than usual.

Besides causing emotional problems, stress can also cause real physical problems. If you have too much stress in your life, you may suffer from stomach problems, headaches or neck and shoulder paih

Prevention is the best way to deal with stress. First of all, be organized there is nothing so stressful as a disorganized life. Put your life and your surroundings (your home, apartment or desk at work or school) in order. Don't procrastinate. Stop putting things off. Do what needs to be done today. On the other hand, don't always feel that you have to do everyting right now. Learn to say "no" to activities and commitments that will only add more stress to your life. Remember that you are only human, and that you can only do one thing at a time.

Learn to relax. Slow down Take a break or a walk when you feel yourself getting stressed. Find a hobby that you enjoy. Reading, listening to music or creating something with your hands are all great ways to bring some peace to a hectic life. Learn to laugh at yourself and your life. Try to look on the bright side of life. Even when things seem pretty dark and stressful, there is usually a place for some humor and a smile.

**129. What may cause stress? (Choose the most appropriate option from below)**

(A) When you do Yoga.

(B) When you go on vacation with friends.

(C) When you make changes in the demands you put on yourself.

(D) When you relax and meditate.

(E) Question not attempted **[c]**

**130. How to tell if you are too stressed out? (Choose the most appropriate option from below)**

(A) You have time to volunteer for many social work.

(B) You are relaxed and take life easy.

(C) You feel full of energy and josh.

(D) You run short of time to do all you need to do.

(E) Question not attempted **[d]**

**131. What is one of the appropriate way to manage stress? (Choose the most appropriate option from below)**

(A) Take on many assignments together.

(B) Do everything by yourself and avoid delegation of work.

(C) Plan and organise your work.

(D) Rush all the activities you do.

(E) Question not attempted **[c]**

**132. Choose the most appropriate meaning of the idiom "to be on your toes" from the options below:**

(A) Take a break

(B) be alert and ready for anything

(C) Putting things off

(D) Look on the bright side

(E) Question not attempted **[b]**

**133. 'सीमांत गांधी' के नाम से किसे जाना जाता था?**

(A) खान अब्दुल गफ्फार खान

(B) मोहम्मद रसूक

(C) महात्मा गाँधी

(D) सरदार पटेल

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**134. निम्नलिखित में से कौन सी राजस्थान सरकार द्वारा शुरू की गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए. आई.) से संबंधित परियोजनाएं नहीं हैं?**

(A) यू. आई. डी. (B) ऑडियो एनालिटिक्स

(C) राजबोट (D) राजस्व खुफिया और विश्लेषण

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**135. हाल ही में निम्न में से किस भारतीय का चयन 'स्वर्णिम पर्यावरण पुरस्कार 2024' हेतु हुआ है?**

(A) तुलसी गौड़ा (B) राजेन्द्र सिंह

(C) रमेश अग्रवाल (D) आलोक शुक्ला

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**136. यदि 'm' से 'n' समानुपातिक हो एवं m=5 जबकि n=4 हो, जब n=20 हो तब m का मूल्य क्या होगा?**

(A) 25 (B) 20

(C) 28 (D) 22.5

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**137. एक शीत संग्रहागार की लम्बाई उसकी चौड़ाई से दुगुनी है। उसकी ऊंचाई 3m है। इसकी चार दीवारों (दरवाजों को शामिल कर) का क्षेत्रफल 108 $m^2$ है। इसका आयतन ज्ञात कीजिए।**

(A) 125 $m^3$ (B) 256 $m^3$

(C) 216 $m^3$ (D) 225 $m^3$

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**138. निम्नलिखित किन शब्दों में 'गुण सन्धि' है?**

**a. सत्येन्द्र** **c. प्रत्यक्ष**

**e. न्यून** **b. स्वेच्छा**

**d. वितैषणा**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**

(A) केवल d और e (B) केवल e और a

(C) केवल a और b (D) केवल c और d

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**139. डीजल इंजन _______ परिवर्तित करता है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) इलेक्ट्रिक ऊर्जा से साउंड ऊर्जा

(B) न्यूक्लियर ऊर्जा से इलेक्ट्रिक ऊर्जा

(C) कैमिकल ऊर्जा से मकैनिकल ऊर्जा

(D) कैमिकल उर्जा से इलेक्ट्रिक ऊर्जा

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

**140. नीचे दिए गए विकल्पों में से पहले दो शब्दों के सम्बंध के अनुरूप तीसरे शब्द के लिए नीचे दिए गए विकल्पों से सबसे उपयुक्त शब्द चुनिए: पर्वत: पहाड़: : पेड़:?**

(A) जंगल (B) वर्षा

(C) पत्ती (D) झाड़ियाँ

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**141. नीति आयोग के प्रथम उपाध्यक्ष कौन थे?**

(A) नंदन निलेकणी (B) अरविंद पनगढ़िया

(C) नरेंद्र मोदी (D) अरुण जेटली

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**142. निम्नलिखित में से किस बजट वर्ष से रेलवे का बजट संघ के बजट में शामिल किया गया ?**

(A) 2017-18 (B) 2018-19

(C) 2015-16 (D) 2016-17

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**143. जिस दर से भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को धन उधार देता है, उसे _______ कहते हैं।**

(A) एस. एल. आर.  (B) रेपो रेट

(C) सी. आर. आर.  (D) रिवर्स रेपो रेट

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[b]**

**144. 2004 में चन्दौली को राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था। यह भारत के कौन से राज्य में है?**

(A) महाराष्ट्र  (B) हरियाणा

(C) पश्चिम बंगाल  (D) मेघालय

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**145. किस राज्य की विधानसभा ने राज्य सरकार की नौकरियों में एस सी, एस टी, ओ. बी. सी. और ई. डब्ल्यू. एस. आरक्षण को 60% से बढ़ाकर 77% कर देने का विधेयक पारित किया?**

(A) पश्चिम बंगाल  (B) आंध्र प्रदेश

(C) केरल  (D) झारखंड

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**146. निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद संसद की राष्ट्रीय हित में राज्य सूची में शामिल किसी भी मामले पर कानून बनाने का अधिकार देता है, यदि प्रस्ताव राज्य सभा द्वारा सदन में उपस्थित सदस्यों और मतदान के 2/3 बहुमत के साथ पारित किया जाता है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) अनुच्छेद 312  (B) अनुच्छेद 360

(C) अनुच्छेद 54  (D) अनुच्छेद 249

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[d]**

**147. गोंडवाना कोयले के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

(A) यह मुख्यत: पीट और लिग्नाइट प्रकार का कोयला है।

(B) रानीगंज, झरिया, टाटापानी और हिमगिरी, गोंडवाना रचना की कुछ प्रमुख कोयला खानें हैं।

(C) गोंडवाना कोयला कार्बोनिफेरस काल से संबंधित है।

(D) यह दामोदर, महानदी, गोदावरी और नर्मदा घाटी में पाया जाता है।

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**148. कत्था कौन-से वृक्ष की आंतरिक लकड़ी से प्राप्त किया जाता है?**

(A) खैर पेड़

(B) शहतूत पेड़

(C) कुल वृक्ष

(D) कुसुम पेड़

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**149. सिंधु नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी (ट्राइब्यूटरी) कौन-सी है?**

(A) चेनाब  (B) झेलम

(C) सतलुज  (D) ब्यास

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[a]**

**150. प्रसिद्ध सिख गुरुद्वारा 'हेमकुंड साहिब' कहाँ स्थित है?**

(A) सिक्किम हिमालय

(B) जांस्कर हिमालय

(C) गढ़वाल हिमालय

(D) कुंमाऊँ हिमालय

(E) अनुत्तरित प्रश्न **[c]**

♦♦♦♦